# HIMACHAL PRADESH TWELFTH VIDHAN SABHA

(Eleventh Session)

Questions For Oral Answer

## Friday, the 11th March, 2016/21st Phalguna, 1937(Saka)

----

[Chief Minister - Food, Civil Supplies & Consumer Affairs Minister - MPP & Power Minister - Industries Minister - Excise & Taxation Minister and Rural Development & Panchayati Raj Minister ].

Total No. of Questions - 35

----

### IRDP/BPL Families

***2832 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state that:-

(a) when was the last survey to identify IRDP/BPL families held; in the pradesh;

(b) whether the Government is contemplating to hold a fresh survey to identify actual BPL families; and

(c) if yes, by when ?

----

### योजनाओं की डी0पी0आर0

***2833 श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में सरकार द्वारा विधायक प्राथमिकता के अर्न्तगत लोक निर्माण विभाग तथा सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग में कुल कितनी योजनाओं को Really New Scheme में सम्मिलित किया गया;

(ख) कितनी योजनाओं की डी0पी0आर0 तैयार की गई; और

(ग) इनमें से कितनी योजनाएं स्वीकृत हुई; ब्यौरा स्वीकृत राशि सहित दें ?

----

## स्टोन क्रैशर

***2834 श्री मनोहर धीमान(इन्दौरा) :**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में प्रदेश में सरकार द्वारा स्टोन क्रैशरों को कितनी-कितनी भूमि खनन हेतु पट्टे पर दी गई;

(ख) पट्टे पर खनन हेतु कितनी गहराई तक खुदाई की जा सकती है;

(ग) प्रदेश में अवैध खनन के कितने मामले पकड़े गये तथा दोषियों के विरूद्ध क्या कार्रवाई अमल में लाई गई; ब्यौरा दें; और

(घ) इन्दौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने स्टोन क्रैशर लगे हैं, इनमें से कितनों को बन्द करने के आदेश दिये गए हैं; ब्यौरा नाम, पते सहित दें ?

----

## सामान की खरीद

***2835 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) दिनांक 1 जनवरी, 2013 से 31 जनवरी, 2016 तक भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितना-कितना सामान बिजली विभाग/बोर्ड ने किन-किन कम्पनियों या ठेकेदारों/सप्लायरों से किन-किन दरों पर खरीदा; कितनी धनराशि खर्च की गई; ब्यौरा वर्षवार दें; और

(ख) यह सत्य है कि जो सामान ट्रांसमिशन लाईनों के लिए खरीदा गया वह घटिया (Sub- Standard) पाया गया; यदि हां, तो ब्यौरा मदवार दें ?

----

## पाठशालाओं का उन्नयन

***2836 श्री ईश्वर दास धीमान (भोरंज):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) दिनांक 1 अप्रैल, 2013 से 31 जनवरी, 2016 तक कितनी-कितनी माध्यमिक, उच्च व वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाएं स्तरोन्नत की गईं;

(ख) इनमें से कितनी पाठशालाएं ऐसी थी जो स्तरोन्नत हेतु सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्डों को पूरा नहीं करती थी; और

(ग) इन पाठशालाओं हेतु विभिन्न श्रेणियों के कितने-कितने पद सृजित किये गये; ब्यौरा श्रेणीवार दें ?

----

## उद्योग नीति

***2837 श्री हंस राज(चुराह) :**
**श्री इन्द्र सिंह(सरकाघाट) :**
**श्री सतपाल सिंह सत्ती(ऊना) :**
**श्री रविन्द्र सिंह(देहरा) :**
**श्री विजय अग्निहोत्री(नदौन) :**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क)यह सत्य है कि प्रदेश में उद्योगों को स्थापित करने के लिए निवेशकों को आमंत्रित करने के लिए नीति बनाई गई है; यदि हां, तो प्रति सभा पटल पर रखें ;

(ख)गत तीन वर्षों में प्रदेश में कितने नये उद्योग लगे उनमें कितनी-कितनी धनराशि का निवेश हुआ और कितने लोगों को रोजगार दिया गया;

(ग) वर्ष 2015 में दिल्ली में आयोजित इन्वैस्टर मीट के उपरान्त कितने नए निवेशकों को सिंगल विंडो क्लीयरेंस के अन्तर्गत उद्योग लगाने की अनुमति दी गई; उन द्वारा कितना निवेश किया जाना प्रस्तावित है; ब्यौरा दें?

(घ) इस अवधि में कितने उद्योग प्रदेश से विस्थापित हुए और कितने बीमार हुए; ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ङ) इससे कितना विनिवेश हुआ और कितने लोग बेरोजगार हुए; ब्यौरा उद्योगवार दें?

----

## सड़कों की डी0पी0आर0

***2838 श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में प्रदेश सरकार द्वारा जिला कांगड़ा के लोक निर्माण विभाग के उप-मण्डल देहरा से CRF व Inter State Road Connectivity की कितनी सड़कों की डी0पी0आर0 केन्द्र सरकार को प्रेषित की गई तथा इनके लिए कितनी-कितनी धनराशि प्राप्त हुई; ब्यौरा सड़कवार दें?

----

## परिवहन नीति में परिवर्तन

***2839 श्री अनिरूद्ध सिंह(कसुम्पटी) :**
**श्री राम कुमार(दून) :**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि वाहनों के नम्बर पंजीकृत करने की पूर्व नीति को परिवर्तित किया गया है; यदि हां, तो पूर्व नीति तथा नई नीति में क्या अन्तर है; नई नीति की प्रति सभा पटल पर रखें;

(ख) यह भी सत्य है कि सरकार द्वारा नए वाहन पंजीकृत करने हेतु 1 से 10 नम्बर तक केवल सरकारी वाहनों के लिए आरक्षित किए गए हैं; यदि हां, तो कारण; और

(ग) हाल ही में इन नम्बरों की सेल पर माननीय उच्च न्यायालय ने रोक लगा दी है; यदि हां, तो सरकार द्वारा इस रोक को हटाने के लिए क्या कार्रवाई की गई;ब्यौरा दें?

----

## पठानकोट-भरमौर सड़क

***2840 श्री बी0 के0 चौहान (चम्बा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि पठानकोट-भरमौर सड़क को राष्ट्रीय उच्च मार्ग घोषित किया गया है; और

(ख) यदि हां, तो इस उच्च मार्ग की वस्तुस्थिति क्या है?

----

## पार्किंग निर्माण

***2841 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि ग्राम पंचायत सराहां में पार्किंग निर्माण के लिए धनराशि का प्रावधान किया गया है;

(ख) यदि हां, तो कितनी धनराशि तथा किस मद के अन्तर्गत स्वीकृत की गई; और

(ग) पार्किंग निर्माण का कार्य अभी तक प्रारम्भ न करने के क्या कारण हैं; ब्यौरा दें?

----

## सड़कों की डी0पी0आर0

***2842 श्री विनोद कुमार(नाचन) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विधायक प्राथमिकता व पी0एम0जी0एस0वाई0 के अन्तर्गत डाली गई निम्न सडको की डी0पी0आर0 की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें;

(i) राख-ग्लू से जनैनी (विधायक प्राथमिकता)

(ii) बडार से देविदड़ वाया खनिउड़ी (विधायक प्राथमिकता)

(iii) सेगली-रडू-दड़ोह-भयारटा वाया डीनक (विधायक प्राथमिकता)

(iv) भलोठी से सरयाच (विधायक प्राथमिकता)

(v) मंडोगलु से देव कमरुनाग वाया फंग्न्यार (विधायक प्राथमिकता)

(vi) बढ़ेतर से परूआ वाया काण्ढा (विधायक प्राथमिकता)

(vii) दलीकर-लोट से सुराही खड्ड लिंक रोड़ (विधायक प्राथमिकता)

(viii) चैल चौक से समीह वाया कथयाला (विधायक प्राथमिकता)

(ix) गडोग नाला से बर्नोग (पी0एम0जी0एस0वाई0)

(x) झुगी से मतयोग (पी0एम0जी0एस0वाई0)

----

## निर्देशों की प्रति

***2843 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि प्रदेश में मार्किट कमेटी के अध्यक्षों को गाड़ियां प्रवास हेतु प्रदान करने के लिए नियम बनाएं गए हैं; उनके रख-रखाव और तेल खर्चे की सीमाएं निर्धारित हैं; यदि हां, तो निर्देशों की प्रति सभा पटल पर रखें;

(ख) गत तीन वर्षों में किस-किस अध्यक्ष ने कितने-कितने किलोमीटर प्रवास किया तथा कितना व्यय तेल तथा रख-रखाव पर किया गया; और

(ग) यह यात्राएं क्या बोर्ड की स्वीकृति से की गई हैं; यदि नहीं, तो कितने अध्यक्षों ने नियमों का उल्लंघन किया और उनके विरूद्ध क्या कार्रवाई की जा रही है ?

----

## DPRs of Roads/Bridges

***2844 Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that during the last three years in Nalagarh Assembly Constituency most of the roads and bridges under MLA priority are awaiting approval for want of DPRs ;

(b) if so, the detail with reasons for delay be given; and

(c) by when these roads/bridges will be sanctioned ?

----

## सब्जी मण्डी की स्थापना

***2845 श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार क्या गगरेट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के मुख्यालय गगरेट में सब्जी मण्डी की स्थापना का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; ब्यौरा दें ?

----

## स्टेडियम का निर्माण

***2846 श्रीमती सरवीन चौधरी (शाहपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) शाहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की पंचायत रैत (Rait) में स्टेडियम का शिलान्यास कब किया गया; और

(ख) इसके निर्माण के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत है तथा इसकी अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## पशु अस्पताल/औषधालय

***2847 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार रोहडू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कुटाड़ा एवं तेलगा में पशु अस्पताल/औषधालय खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक ?

----

## रज्जू मार्गों का निर्माण

***2848 श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार प्रदेश में Material Rope ways व Passenger Rope ways के निर्माण का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो मनाली विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत कौन-कौन से स्थान इसके लिए चिन्हित किये गए; और

(ग) गत तीन वर्षों में इनके निर्माण हेतु कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत की गई और कितनी व्यय की गई; ब्यौरा रोप-वे वाईज़ दें?

----

## गैस डिपो की स्थापना

***2849 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत रसोई गैस के कितने डिपो हैं और गैस की कमी पूर्ण करने के लिए कितने नए डिपो स्थापित किए गए;

(ख) सरकार नेरवा तथा कुपवी में रसोई गैस डिपो स्थापित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; और

(ग) नेरवा में क्या Indian Oil Corporation ने रसोई गैस का डिपो खोला था; यदि हां, तो ब्यौरा डिपो के मालिक के नाम सहित दें?

----

## महाविद्यालय हरिपुर

***2850 श्री खूब राम (आनी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) सरकार आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत हरिपुर (आनी) कॉलेज में विज्ञान विषय की कक्षाएं शुरू करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक;

(ख) वर्तमान में इस कॉलेज में कितने पद प्रवक्ताओं के रिक्त हैं; और

(ग) सरकार इन पदों को कब तक भरने का विचार रखती है; सूचना सभा पटल पर रखें?

----

## खाद्यान्न के सैम्पल

***2851 श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि सरकार प्रदेश में आटा पिसाई की मशीनों से आटा सरकारी डिपुओं के माध्यम से राशन कार्ड धारकों को वितरण करती है; यदि हां, तो किन-किन आटा मिलों के आटे के सैम्पल भरे गए तथा कौन-कौन सी मिलों के सैम्पल फेल हुए; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार द्वारा क्या Cooperative Society के डिपुओं में खाद्यान्नों जैसे दालें, नमक व चावल के सैम्पल भी भरे गए हैं तथा कितने पास तथा कितने फेल हुए ; ब्यौरा दें?

----

## चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की पदोन्नति

***2852 डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में शिक्षा विभाग के अन्तर्गत लिपिकों के कितने पद स्वीकृत हैं; इनमें से कितने पद भरे हुए हैं तथा कितने रिक्त हैं; रिक्त पदों को कब तक भर दिया जायेगा;

(ख) वर्तमान में शिक्षा विभाग में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को लिपिक बनाने की क्या नीति है; नीति की प्रतिलिपि सभा पटल पर रखें; और

(ग) विभाग में कितने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ऐसे हैं जिन्होंने +2 की परीक्षा पास की है तथा पांच वर्ष का कार्यकाल पूर्ण कर लिया है; सरकार उन्हें कब तक पदोन्नति देने का विचार रखती है ; ब्यौरा दें?

----

## गुम्मा नमक खान

***2853 श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश सरकार द्वारा केन्द्र सरकार को गुम्मा (मण्डी) नमक खान को पुनः प्रारम्भ करने बारे कोई प्रस्ताव भेजा है; यदि हाँ, तो कब और उस पर अब तक क्या कार्रवाई की गई; प्रस्ताव की प्रति सभा पटल पर रखें?

----

## Cafeteria at Devi Dehra

***2854 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that the Department of Tourism/HPTDC has constructed a cafeteria at Devi Dehra near Dalhousie in District Chamba;

(b) whether it is also a fact that the same is being renovated;

(c) if yes, by when the renovation work is likely to be completed; and

(d) whether the Department will run the cafeteria themselves or lease the same to private parties?

----

## पुल निर्माण

***2855 श्री जय राम ठाकुर (सिराज़):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) जिउणी खड्ड के ऊपर खण्डयाल नामक स्थान पर मोटर योग्य पुल का शिलान्यास कब किया गया; और

(ख) इसके निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## विधायक विकास निधि

***2856 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 01 जनवरी, 2013 से 31 जनवरी, 2016 तक भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की स्वीकृत विधायक विकास निधि थी, क्या विकास कार्यों पर खर्च की जा चुकी है;

(ख) यदि नहीं, तो कारण; ऐसे कितने कार्य हैं जिनकी Payment नहीं हुई और कार्य पूर्ण है; ब्यौरा कार्य का वर्षवार दें; और

(ग) कितने कार्यों के utilisation certificates प्राप्त हो चुके हैं; कितने शेष हैं और सरकार शेष कार्य कब तक पूर्ण करने का विचार रखती है?

----

## एस0एम0एस0 की रिक्तियां

***2857 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में प्रदेश में कृषि विभाग के अन्तर्गत Subject Matter Specialist के कितने पद हैं; ब्यौरा जिलावार दें; और

(ख) चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कृषि विभाग Bhanjradu में क्या Subject Matter Specialist का पद स्वीकृत है; ब्यौरा दें?

----

## पशु महाविद्यालय पालमपुर

***2858 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) Veterinary College पालमपुर में faculty के कितने पद सृजित हैं; ब्यौरा विषयवार दें; और

(ख) इनमें से कितने पद भरे हुये हैं और कितने रिक्त हैं; रिक्त पद कब तक भर दिये जायेंगे ?

----

## भूमि का हस्तान्तरण

***2859 श्री राम कुमार (दून):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत बरोटीवाला में नये खुले महाविद्यालय हेतु भूमि हस्तान्तरित करने के लिए वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त हो गया है; ब्यौरा दें ?

----

## सराहां-चण्डीगढ़ सड़क

***2860 श्री सुरेश कुमार (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सराहां-चण्डीगढ़ सड़क का मैटलिंग का कार्य कब शुरू किया गया है; इसके लिए कितनी धनराशि स्वीकृत है; और

(ख) दिनांक 31.01.2016 तक कितना कार्य किया गया तथा कितना शेष है; ब्यौरा दें?

----

## अवैध कब्जे

***2861 श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत चैल चौक कस्बे से अवैध कब्जे हटाए गये हैं; और

(ख) यदि हां, तो चैल चौक कस्बे को सुव्यवस्थित करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं; विवरण दें?

----

## आधुनिक उपकरण

***2862 श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि वर्तमान में पुलिस विभाग के पास आधुनिक उपकरणों जैसे Metal Detector इत्यादि का अभाव है; यदि हां, तो कौन-कौन से उपकरणों का अभाव है; और

(ख) सरकार ने क्या यह मामला भारत सरकार के साथ उठाया है ताकि भविष्य में इन आधुनिक उपकरणों का अभाव न हो?

----

## Establishment of Industries

***2863 Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state that:-

(a) during the last three years how many industries in the BBNDA area have been shifted to other states; details with reason be given;

(b) what efforts the Government is taking to retain the industrial units in the State; and

(c) what steps the Government has taken to establish new industries under Nalagarh Assembly Constituency; details be given?

----

## तारें बिछाना

***2864 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि हाल ही में समय पूर्व रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कई जगहों पर लोहे के खम्भे खड़े किए गए हैं; यदि हां, तो तारें बिछाने का कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जायेगा; ब्यौरा दें?

----

## विज्ञान कक्षाएं

***2865 श्री हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क)वर्तमान में प्रदेश में कितने राजकीय महाविद्यालयों में विज्ञान की कक्षाएं चल रही हैं; ब्यौरा महाविद्यालयवार दें;

(ख) इन महाविद्यालयों में प्राध्यापकों की कितनी संख्या है; ब्यौरा दें; और

(ग) सरकार क्या तीसा महाविद्यालय में विज्ञान की कक्षाएं आरम्भ करने का विचार रखती है?

----

## कार्य की निविदाएं

***2866 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि लोक निर्माण विभाग के चौपाल मण्डल व उप-मण्डल सैंज में मैटलिंग व टारिंग के टैण्डर किए गए;

(ख) यह टैण्डर किस-किस ठेकेदार को आबंटित किए गए हैं; ब्यौरा तिथि व स्थानवार दें;

(ग) इन टैण्डरों पर क्या कार्य शुरू हो चुका है; यदि हां, तो कितना कार्य पूर्ण किया गया; ब्यौरा दें; और

(घ) वर्ष 2015-16 में  टारिंग व मैटलिंग के लिए चौपाल मण्डल व सैंज उप-मण्डल के लिए भिन्न-भिन्न एजैंसियों द्वारा कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; ब्यौरा दें?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**

**दिनांकः 24 फरवरी, 2016 .** **सचिव।**